दिन–शुक्रवार दिनांक– 19 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य सरकार ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मुखिया और पंचायत सचिवों के अधिकारों में कटौती कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। अब पंचायतों में पन्द्रह लाख रूपये से अधिक राशि वाले कार्य के लिए भी टेंडर निकाला जायेगा। कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस नियमावली से मुखिया और पंचायत सचिवों की मनमानी पर रोक लगेगी। मंत्रिपषिद की बैठक में बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति दो हजार चौबीस को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में कुल सत्ताईस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राज्य में वस्त्र उद्योग को बढावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने बिहार सरकार की कई मांगों पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। आज पटना में टेक्सटाईल इनवेस्टर्स मीट के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि इससे राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————

माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण भारत सहित दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और बड़े उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का काम काज बाधित हुआ है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलांइस का कामकाज पूरी तरह बंद हो गया है। पूरे विश्व में एयरलाइन्स का कहना है कि उनकी चेक–इन प्रणाली में सुबह से ही गड़बड़ी हो रही है। भारत में मुम्बई हवाई अड्डा सबसे अधिक प्रभावित हुआ है जबकि दिल्ली हवाई अड्डे पर कामकाज में सबसे अधिक बाधा टर्मिनल–टू पर आ रही है। यह गड़बड़ी कथित तौर पर अमरीका स्थित साइबर सुरक्षा प्रदाता क्राउडस्ट्राइक से संबंधित है। कंपनी ने कहा है उनकी इंजीनियरिंग टीमें इस समस्या को सुलझाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। भारत में भी कई उपयोगकर्ताओं ने डाउनडिटेक्टर पर माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में रुकावट की जानकारी दी है।

———————————————————————

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के कमजोर पड़ने से वायुमंडल में आद्रता की मात्रा बढ़ गयी है। इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज में सर्वाधिक तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, प्रदेश में तेईस जुलाई से एक बार फिर मॉनसून के सक्रिय होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। विभाग ने तेईस और चौबीस जुलाई को सीवान, गोपालगंज, सीतामढ़ी, दरभंगा, पूर्वी और पश्चिम चम्पारण जिले के अनेक स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से मात्र आठ सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, खगड़िया जिले के बलतारा में कोसी नहीं का जलस्तर खतरे के निशान से पचहत्तर सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, अररिया जिले में परमान नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर है।

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण – एन एच ए आई ने कहा है कि वाहनों के आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों से दोगुना टोल वसूला जायेगा। प्राधिकरण ने कहा है कि जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे लोगों को असुविधा होती है।

———————————————————————

रिजर्व बैंक ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की शुरूआत अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ हुई है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय, एनएसएसओ के मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आधार पर रिजर्व बैंक ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च बढ़ रहा है और ग्रामीण–शहरी विभाजन कम हो रहा है। वहीं, मनरेगा जैसी योजनाओं के कारण बढ़ी हुई मजदूरी दर और शहरी प्रवास – ग्रामीण परिवारों के खर्च करने की बढ़ी हुई क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

———————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज पटना में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर

उदय कांत मिश्रा ने कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने में जागरूकता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक कर हम आपदा से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।